फा.सं.ई-11024/2/2022-हिंदी - 1361

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

*****

श्रम शक्ति भवन, रफ़ी मार्ग

नई दिल्ली, दिनांक- 15.12.2022

अधिसूचना

विषय:- 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में।

12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली के दिनांक 7 दिसंबर, 2022 के **पत्र संख्या क्यू/हिंदी/621/22/2022-10 (प्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें यह बताया गया है कि इस वर्ष 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन दिनांक 15-17 फरवरी, 2023 तक फिजी के नांदी शहर में आयोजित किया जा रहा है। जिसका विषय **हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक** है। इस सम्मेलन के महत्व को ध्यान में रखते हुए अनुरोध है कि आप अपने मंत्रालय/विभाग में हिंदी संवर्ग से जुड़े अधिकारियों व हिंदी में रूचि रखने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसमें भाग लेने के लिए नामित करें। सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। सम्मेलन से संबंधित वेबसाइट www.vishwahindisammelan.gov.in पर यह सुविधा उपलब्ध है। नामित किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों की सूचना ई-मेल:**whc12sectt@mea.gov.in** पर दी जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि नामित अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता से जुड़े व्यय संबंधित मंत्रालय/विभाग/अधीनस्थ कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा वहन किए जाएंगे।

15/12/2022

(सज्जन कुमार)

सहायक निदेशक (रा.भा.)